# धूमधाम से मनाया गया श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का सप्तम स्थापना दिवस

**अजय प्रताप सिंह**

पलवल, 19 नवंबर। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का सप्तम स्थापना दिवस समारोह बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय शीघ्र ही दिल्ली.मथुरा हाइवे से जुडेगा और मेट्रो से भी विश्वविद्यालय का सीधा लिंक होगा।

रणबीर गंगवा ने कहा कि यह विश्वविद्यालय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की कल्पना और हरियाणा सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए धन की कोई कमी आडे नहीं आएगी। इस अवसर पर उन्होंने उषा सिलाई स्कूल की ओर से स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन भी किया। यहां पहुंचने पर कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार और कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने मुख्यातिथि रणबीर गंगवा का भव्य स्वागत किया। दुधौला गांव की ओर से सरपंच सुनील कुमार ने उन्हें सम्मान की सूचक पगडी बांधी। कार्यक्रम में आठ इंडस्ट्री पार्टनर के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर छात्रो ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ राज नेहरू, गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफ़ेसर संजय कौशिक, कुल सचिव प्रोफेसर ज्योति राणा, डाइकिन एयर कंडीशनिंग इंडिया की ओर से एपीएस गांधी, फरीदाबाद लिट्रेरी एन्ड कल्चर सेंटर की ओर से नवीन सूद, वेटस्टोन इंटरनेशनल नेटवर्किंग की ओर से पंकज धर, टुटोरिअल्स पॉइंट की ओर से रश्मि राव, मोल्क लैब्स की ओर से सुजीत कुमार, जीनट्री इ बायोलैब की ओर से केके साहू, एटलस हॉस्पिटल्स की ओर से सचिन मंगला और यथार्थ हॉस्पिटल्स की ओर से डा अनुराग शर्मा ने कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा के साथ एमओयू का आदान.प्रदान किया।

